http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 28

प्रयागराज शनिवार 12 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

# सीएम योगी ने किया कन्या पूजन

**● कन्याओं के पांव धोकर की मातृ शक्ति की आराधना**




गोरखपुर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया है। कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव धोए, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धा पूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। सीएम ने कहा कि कन्याओं का पूजन कर संपूर्ण सृष्टि के सुख, शांति और कल्याण हेतु प्रार्थना की है। सीएम ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कन्याओं के बारी–बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। इसके बाद सीएम ने सभी कन्याओं को माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान की और सभी कन्याओं का आशीर्वाद लिया। उन्होंने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। फिर सीएम योगी ने सभी कन्याओं को भोजन कराया। सीएम ने सभी बालिकाओं को खुद भोजन परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। उन्होंने एक–एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। वहीं, सीएम योगी ने एक्स पर भी पोस्ट कर तस्वीरें शेयर की और लिखा, श्श शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आज महानवमी के दिन गोरखनाथ मंदिर में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर संपूर्ण सृष्टि के सुख, शांति और कल्याण हेतु प्रार्थना की। आदिशक्ति जगज्जननी माँ दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे। जय माँ भगवती! यह भी पढ़ेँ: नीतीश कुमार को छक। से समर्थन वापस लेना चाहिएरू अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जेपी की मूर्ति लेकर अपने घर से बाहर निकले।

## पीएम मोदी ने यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति लाने का किया आह्वान, कहा...

# यह युग युद्ध का नहीं

**● समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकताः मोदी**
**● संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा नकारात्मक प्रभावः पीएम**




वियनतियाने,(एजेंसी)। पीएम मोदी ने 19वें ईस्ट एशिया सम्मेलन में कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुक्त, खुला, समावेशी, समृद्ध और नियम आधारित इंडो–पैसिफिक पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान सम्मेलन में शामिल होने के लिए लाओस दौरे पर हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। वियनतियाने में आसियान–भारत शिखर सम्मेलन के साथ ही ईस्ट एशिया सम्मेलन का भी आयोजन हो रहा है। भारतीय पीएम ने ईस्ट एशिया सम्मेलन में तूफान टाइफून यागी में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही दुनिया के अलग–अलग भागों में चल रहे संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहे सबसे ज्यादा नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए प्रधानमंत्री ने यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लाने का आह्वान किया। श्समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकताश पीएम मोदी ने 19वें ईस्ट एशिया सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुक्त, खुला, समावेशी, समृद्ध और नियम आधारित इंडो–पैसिफिक पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे इंडो–पैसिफिक क्षेत्र के हित में है। संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा नकारात्मक प्रभावरू पीएम उन्होंने कहा, श्हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र की समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत होनी चाहिए। नेविगेशन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए। और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई रोक नहीं लगनी चाहिए। हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए न कि विस्तारवाद का।

# महाराष्ट्र सरकार फिजूलखर्ची में लिप्तः कांग्रेस

मुंबई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार पर आरोप लगाया है कि वर्तमान सरकार फिजूलखर्ची में लिप्त है। कांग्रेस ने जल्दबाजी में करोड़ों रुपये की निविदाओं को मंजूरी देकर श्जितना संभव हो उतना लूटने की जल्दीश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने गुरुवार रात एक मीडिया बयान में आरोप लगाया कि इससे उनके सरकार से बाहर निकलने से पहले लाभ का हिस्सा सुनिश्चित हो गया।



उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने डिजिटल प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के लिए 90 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है, जिसमें आदेश दिया गया है कि यह राशि पांच दिनों के भीतर खर्च की जानी चाहिए। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने सरकारी फैसलों को एसएमएस के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के लिए 23 करोड़ रुपये के एक और टेंडर को मंजूरी दे दी है। श्सार्वजनिक धन के व्यर्थ खर्चश की कड़ी आलोचना करते हुए, श्री लोंढे ने कहा कि राज्य पर आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, लेकिन सरकार कमीशन कमाने के लिए लापरवाही से निविदाएं जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में जनता को एसएमएस से अपडेट भेजने के लिए 23 करोड़ रुपये खर्च कर रही है और इन एसएमएस सेवाओं के लिए टेंडर मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्लड़की बहन योजनाश के तहत विज्ञापनों के लिए पहले ही 450 करोड़ रुपये की मंजूरी दी जा चुकी है।

# जयंती पर उत्तर प्रदेश में गरमाई सियासत

**● नीतीश कुमार को एनडीए से समर्थन वापस लेना चाहिएः अखिलेश यादव**




लखनऊ,(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जेपी की मूर्ति लेकर अपने घर से बाहर निकले। उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयप्रकाश नारायण को याद किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार 'समाजवादियोंश को जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि अगर त्योहार का दिन न होता तो बांस के लगाए गए अवरोधक समाजवादियों को रोक नहीं पाते। वहीं, अखिलेश ने नीतीश कुमार से राजग से समर्थन वापस लेने को कहा है। नीतीश कुमार लें समर्थन वापसः अखिलेश अखिलेश यादव ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार JPNIC को बेचना चाहती है। पहले भी हमें माल्यार्पण करने से रोका गया था। योगी लोकनायक का इतिहास नहीं जानते। हमें श्रद्धांजलि देने से रोका गया। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी सरकार हर अच्छे काम को रोकती है। यह गूंगी बहरी सरकार है और यह विकास नहीं विनाश करने में माहिर है। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकलने वाले कई नेता आज एनडीए गठबंधन में हैं। उन सभी नेताओं को यह पूरा प्रकरण समझना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपील की कि वे केंद्र में भाजपा सरकार को अपना समर्थन वापस लें। भाजपाई लोग हों या इनकी सरकार, इनका हर काम नकारात्मक का प्रतीक है। पिछली बार की तरह समाजवादी लोग कहीं 'जय प्रकाश नारायण जी' की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने न चले जाएं, इसीलिए उन्हें रोकने के लिए हमारे निजी आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गयी है। ठश्रच का हर काम नकारात्मक का प्रतीक हैः अखिलेश इससे पहले सपा प्रमुख ने एक्स पर कहा, श्भाजपाई लोग हों या इनकी सरकार, इनका हर काम नकारात्मक का प्रतीक है। पिछली बार की तरह समाजवादी लोग कहीं 'जय प्रकाश नारायण जी' की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने न चले जाएं, इसलिए उन्हें रोकने के लिए हमारे निजी आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने श्रद्धांजलि के रास्ते रोके हैं, भाजपा ने च्व। के रास्ते रोके हैं, ध्भाजपा ने सौहार्द के रास्ते रोके हैं, भाजपा ने अमन–चौन के रास्ते रोके हैं, भाजपा ने संविधान के रास्ते रोके हैं। भाजपाई हमेशा स्वतंत्रता–सेनानियों और स्वतंत्रता आंदोलन के विरोधी रहे हैं। रास्ते रोकना इन्होंने औपनिवेशिक शक्तियों के साथ रहने और दबे–छुपे उनका साथ देने से सीखा है। जन–जन कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

# मायावती का एलान- अब किसी से गठबंधन नहीं करेगी बसपा

लखनऊ,(एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा–इनेलो गठबंधन को मिली असफलता के बाद मायावती ने एलान किया है कि बसपा अब किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा के इनेलो के साथ हुए गठबंधन को मिली असफलता के कड़वे अनुभव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने एलान किया है कि आने वाले चुनाव में बसपा अब किसी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बसपा का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने, लेकिन उनका वोट बसपा को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी है। इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर शुक्रवार को हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय लिया गया है, जबकि भाजपा, एनडीए व कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा व उसके आत्म–सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवां को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वयं करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी है।



# नोएल होंगे टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन




**● रिश्ते में हैं रतन टाटा के सौतेले भाई**

नई दिल्ली,(एजेंसी)। देश के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। जिसके बाद अब टाटा ट्रस्ट की बैठक में उनके भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। आइए जानते हैं कि कौन हैं नोएल टाटा और रतन टाटा से उनका क्या रिश्ता है– कौन हैं नोएल टाटा नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। दरअसल रतन टाटा के पिता नवल टाटा ने दो शादियां की थीं। नवल टाटा ने पहली शादी सूनी टाटा से की थी, जिनसे उनके दो बेटे रतन टाटा और जिम्मी टाटा हुए। सूनी टाटा से तलाक के बाद नवल टाटा ने स्विट्जरलैंड की एक बिजनेसवमेन सिमोन से साल 1955 में दूसरी शादी की। नवल टाटा और सिमोन टाटा के बेटे ही नोएल टाटा हैं। नोएल टाटा की शादी आलू मिस्त्री से हुई है, जो टाटा संस में सबसे बड़े एकल शेयरधारक और साइरस मिस्त्री के पिता पालोनजी मिस्त्री की बेटी हैं। दंपति की तीन संतान हैं, जिनमें लीह टाटा, माया टाटा और नेवाइल टाटा शामिल हैं। नोएल टाटा की बेटी लीह टाटा भी टाटा समूह में अपनी पहचान बना रही हैं। स्पेन में प्रतिष्ठित प्म बिजनेस स्कूल में मार्केटिंग में अपनी मास्टर डिग्री पूरी की और फिलहाल टाटा समूह के साथ काम कर रही हैं। लीह ने 2006 में ताज होटल्स रिसॉर्ट्स एंड पैलेसेस में सहायक बिक्री प्रबंधक के रूप में अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। पिछले कुछ वर्षों में, वह रैंक में ऊपर उठती गई हैं और वर्तमान में ताज होटल्स में विकास और विस्तार के प्रबंधक के रूप में कार्य करती हैं। कौन हैं नोएल टाटा नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। दरअसल रतन टाटा के पिता नवल टाटा ने दो शादियां की थीं। नवल टाटा ने पहली शादी सूनी टाटा से की थी, जिनसे उनके दो बेटे रतन टाटा और जिम्मी टाटा हुए। सूनी टाटा से तलाक के बाद नवल टाटा ने स्विट्जरलैंड की एक बिजनेसवमेन सिमोन से साल 1955 में दूसरी शादी की। नवल टाटा और सिमोन टाटा के बेटे ही नोएल टाटा हैं।

नोएल टाटा, सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में ट्रस्टी रहे हैं। नोएल टाटा, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास लिमिटेड, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी टाटा समूह की कंपनियों के अध्यक्ष हैं, साथ ही टाइटन कंपनी के उपाध्यक्ष भी हैं। कभी रतन टाटा का उत्तराधिकारी बनते–बनते रह गए थे नोएल टाटा 63 वर्षीय नोएल नवल टाटा ट्रेंट के अध्यक्ष हैं। वे टाटा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक और टाइटन कंपनी के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं, विपक्ष ने भी स्वीकार की यह बातः अमित शाह

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा नीत एनडीए की सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का कोई आरोप सामने नहीं आया है। शाह ने कहा कि इस बात को विपक्ष ने भी स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की मदद से देश को कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकाल आकर्षक स्थान में बदलने में मदद मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यह बात विपक्ष ने भी स्वीकार की है। सरकार ने नीतिगत निष्क्रियता को खत्म किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदल दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर अग्रसर है। शाह नई दिल्ली स्थिति विज्ञान भवन में पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के उठाए गए कदमों के कारण भारत 2047 तक दुनिया के सबसे विकसित देशों में से एक होगा। 2014 में पीएम मोदी के कार्यभार संभालने के बाद से सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। इसमें बुनियादी ढांचे का उन्नयन, बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रेलवे नेटवर्क का विस्तार, सेमी–कंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विनिर्माण उद्योगों की स्थापना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं। इस दौरान हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यह बात विपक्ष ने भी स्वीकार की है।



पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद को 200 गज गहराई में दफना दिया है।

# उमर को अब नहीं है कांग्रेस की जरूरत!

**● पहले निर्दलीय और अब 'आप' विधायक के समर्थन से बढ़ी ताकत**




जम्मू,(एजेंसी)। पार्टी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जम्मू–कश्मीर में जेकेएनसी को समर्थन देगी। समर्थन पत्र उपराज्यपाल को सौंप दिया गया है। जम्मू–कश्मीर विधानसभा में आप का एक विधायक है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) को अपना समर्थन देने की घोषणा की। आप ने उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के लिए समर्थन का औपचारिक पत्र उपराज्यपाल कार्यालय को सौंप दिया। हाल ही में संपन्न जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में (आप) ने डोडा निर्वाचन क्षेत्र जीता। पार्टी उम्मीदवार मेहराज मलिक ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गजय सिंह राणा को 4,538 मतों के अंतर से हराकर सीट जीती। पार्टी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जम्मू–कश्मीर में जेकेएनसी को समर्थन देगी। समर्थन पत्र उपराज्यपाल को सौंप दिया गया है। जम्मू–कश्मीर विधानसभा में आप का एक विधायक है। आप के समर्थन से उमर अब्दुल्ला की ताकत और बढ़ गई है। पहले से ही उन्हें चार निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल है। इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के विधायकों को उन्हें अपना नेता चुनने के लिए बृहस्पतिवार को धन्यवाद दिया। अब्दुल्ला ने विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद संवाददाताओं से कहा कि जो फैसला किया गया है, उसके बारे में आप सभी को जानकारी है। नेकां विधायक दल की बैठक हुई, विधायक दल ने अपना नेता तय कर लिया है। और मैं पार्टी विधायकों का तहे दिल से शुक्रगुजार हूं, कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे सरकार बनाने का दावा पेश करने का मौका दिया।' उन्होंने कहा कि सात में से चार निर्दलीय विधायकों ने पार्टी को को समर्थन दे दिया है, जिससे पार्टी का विधानसभा में आंकड़ा बढ़कर 46 हो गया है।

**शुभकामनाएं**

दशहरा पर्व पर **दैनिक** के पाठकों, विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

**अवकाश**

दशहरा पर्व पर दिनांक-१२ अक्टूबर २०२४ को प्रेस व कार्यालय बंद रहेगा। अतः अगला अंक १४ अक्टूबर २०२४ को प्रकाशित होगा।
**व्यवस्थापक**

# चिंता का विषय

जम्मू के कठुआ में सोमवार को सेना के गश्ती दल पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। एक महीने के भीतर कठुआ में दूसरी बार आतंकी हमला हुआ है जो सरकार, सुरक्षा बल और प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।पिछली कुछ आतंकी घटनाओं का ट्रेंड बता रहा है कि दहशतगर्दों ने अपनी रणनीति में बदला किया है। अब जम्मू और विशेषकर कठुआ आतंक का नया गढ़ बनता दिख रहा है। हालांकि जम्मू–कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद के शुरुआती दिनों में यह इलाका आतंकवादियों का अच्छा खासा ठिकाना बन गया था। लेकिन सुरक्षा बलों ने विशेष अभियान चलाकर कठुआ और उसके आसपास के इलाके को आतंक से मुक्त करा लिया था।

संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू–कश्मीर में अमन–चौन बहाल हो रहा था लेकिन जब से विधानसभा चुनाव की आहट तेज हुई है, अचानक आतंकवादी सक्रिय हो गए हैं। हाल के महीनों में आतंकियों ने सीमावर्ती जिले पूंछ, राजौरी, डोडा और रियासी में एक के बाद एक हमले किए हैं। अब आतंकी घाटी की ओर से जम्मू की ओर रुख करने लगे हैं। इसकी बड़ी वजह कठुआ की प्रकृति और बनावट है।यह क्षेत्र पहाड़ियों और घनघोर जंगलों से भरा–पूरा है और इसके एक ओर पाकिस्तान की सीमा लगती है और दूसरी ओर पंजाब और हिमाचल है। सीमा पार से आने वाले आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर जंगलों के रास्ते पाकिस्तान वापस चले जाते हैं। इस जिले की जनसांख्यिकी भी कश्मीर घाटी से अलग है। यहां हिन्दुओं की आबादी अधिक है। ऐसा हो सकता है कि चुनाव से पहले सांप्रदायिक माहौल खराब करना भी पाक प्रायोजित आतंकवादियों का एक राजनीतिक लक्ष्य हो।

इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि रियासी में इसी इरादे से श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया गया हो। यह कहा जाता है कि आतंकवाद की कोई निश्चित उम्र नहीं होती। देखा गया है कि कभी–कभी यह एक समय बाद स्वतरू ही खत्म हो जाता है। लेकिन कश्मीर में जारी आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की बड़ी भूमिका से कोई भी इंकार नहीं कर सकता।शायद इसलिए भी यहां आतंकवाद लंबे समय से जीवित है। अब यह देखने वाली बात होगी कि यहां आतंकवाद के विरुद्ध जारी निर्णायक युद्ध में केंद्र सरकार का पाकिस्तान के प्रति क्या रुख रहता है।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुला:आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिक: आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनु: आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकर: आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभ: आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीन: आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था।

भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आई थीं। इसके बाद जुलाई महीने में चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मध ुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए तकरीबन 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित और रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई–वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई–वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत–बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देशों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की श्मैत्री उपग्रहय भारत–बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे।

हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने दोहराया, श्मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।य इन समझौतों में दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह, चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवां समझौता मेदे–दरसाना और हल्दीबाड़ी–चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओं की शुरु आत किए जाने का है।

इसके अलावा, अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरुआत की जाएगी। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए भी एक समिति बनाई जाएगी। रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लंबी अवधि के हितों को ध्यान में रख कर रक्षा सहयोग की एक नीति बनाने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि भारत–बांग्लादेश के बीच सैनिक और रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नये समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी काफी अत्याधुनिक बनेगी। बांग्लादेश की रक्षा जरूरतों के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन शुरू होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा और यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर शांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है।इसके अतिरिक्त, दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृष्टिकोण अपनाए जाने की बात निश्चित हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान तथा नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता भी करने वाले हैं। अब दोनों देशों का प्रयास है कि भूटान, नेपाल और बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा। इसीलिए दोनों देश रेल, सड़क, हवाई मार्ग और समुद्री मार्ग के जरिए आवागमन और माल ढुलाई के लिए कनेक्टिवटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यंत संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा। इसलिए भारत का प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आासन के बाद अपने देश पहुंच कर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अध िक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

# सरकार किसी समझौते के मूड में नही

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है।

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी शबिल्ली पहली रात को मारी जाती हैय वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है।बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार पंरपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।

इसी तरह दूसरा फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी है। संसद के सत्र के दौरान हुई गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाने वाली है। गौरतलब है कि केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति से जुड़े घोटाले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि को छोड़ कर बाकी समय वे जेल में रहे। अप्रैल के पहले हफ्ते में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ही कहा जा रहा था कि सीबीआई उनको हिरासत में लेगी। लेकिन सीबीआई ने उनको हिरासत में नहीं लिया।जब निचली अदालत से उनको जमानत मिली और ऐसा लगा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट से भी उनको जमानत मिल सकती है तब सीबीआई ने उनको गिरफ्तार करके रिमांड पर ले लिया। जाहिर है इसका मतलब उनको लंबे समय तक जेल में रखना है। सोचें, सरकार को पता है कि संसद का सत्र चल रहा है और विपक्ष बहुत मजबूत है फिर भी एक विपक्षी नेता और एक राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई हुई है। इस एक कार्रवाई से आगे का रोडमैप दिखने लगा है। असल में भाजपा को अपने उस वोट बैंक की चिंता करनी है, जो विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट मानता है और कार्रवाई से खुश होता है। इसलिए संभव है कि आने वाले दिनों में दूसरे विपक्षी नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहे। प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार में इसका वादा भी किया था।

इन दो फैसलों के अलावा एक चुप्पी भी बताती है कि सब कुछ पहले जैसा ही चल रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी के 10 साल के राज की खास बात यह रही है कि जब भी कोई बड़ा घटनाक्रम होता है तो प्रधानमंत्री चुप हो जाते हैं। वे उस पर बयान नहीं देते हैं। विपक्ष उनके बोलने की मांग करता रहा है और वे चुप्पी ओढ़े रहते हैं। बाद में कभी अपनी सुविधा के हिसाब से उस पर बयान देते हैं। जैसे मणिपुर 14 महीने से जातीय हिंसा की चपेट में है। मई 2023 में हिंसा शुरू होने करीब दो महीने बाद संसद के मॉनसून सत्र से पहले प्रधानमंत्री ने संसद परिसर में इस पर बयान दिया था। उसके बाद फिर उन्होंने चुप्पी साध ली। इसी तरह की चुप्पी उन्होंने मेडिकल दाखिले के लिए हुई नीट की परीक्षा और अन्य प्रतियोगिता व प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक पर साधी हुई है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की अनेक गड़बडियां सामने आई हैं और कई परीक्षाएं रद्द हुई हैं। लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई बयान नहीं दिया। सो, फैसले भी पुराने एकतरफा अंदाज में हैं। चुप्पी भी पहले जैसी चुनिंदा है। ट्रेन एक्सीडेंट और उस पर किसी की जिम्मेदारी तय नहीं होना, उलटे रेल मंत्री का मोटरसाइकिल पर बैठ कर रील बनवाना भी पहले जैसा ही चल रहा है। विपक्ष भले कहता रहे कि प्रधानमंत्री की नैतिक हार हुई है लेकिन भाजपा के नेता 240 सीटों को ऐतिहासिक जीत बता रहे हैं और सहयोगी पार्टियां चुपचाप सरकार के हर फैसले में शामिल हैं। सो, कम से कम अभी सरकार कोई समझौता करती या किसी दबाव में आती नहीं दिख रही है।

# मनु क्यों बन गयीं सभी खिलाड़ियों के लिए आदर्श

आर.के. सिन्हा

निशानेबाज मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पध ार्ा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्लाय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से पालिटीकल साइँस आनर्स की डिग्री भी ली। एल० एस० आर० देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है। नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़–लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया। चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे , क्योंकि य इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है। सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर–गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं।

बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का



जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक–दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ–साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सट है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया और दोनों क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। ये व्यक्ति बौद्धिक और शारीरिक शक्ति का शानदार उदाहरण हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के हाल तक कोच रहे राहुल द्रविड़ को दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 23,000 से अधिक रन हैं। राहुल द्रविड़ ने कॉमर्स में स्नातक की डिग्री भी हासिल की है, जिसे उन्होंने बैंगलोर के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने से पहले, वह एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। कर्नाटक और भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के साथीअनिल कुंबले ने सभी प्रारूपों में 900 से अधिक विकेट लिए हैं और टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कुंबले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच भी रहे हैं। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है। अब शतंरज के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की बात कर लेते हैं। विश्वनाथन आनंद पहले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह पांच बार के विश्व शतरंज चौंपियन हैं और उन्हें शतरंज के सर्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जा सकता है। शतरंज के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों ने उनकी शिक्षा को बाधित नहीं किया। उनके पास चेन्नई के लोयोला कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री है। यह हरेक इंसान को समझन होगा किहमारे जीवन में शिक्षा का क्यों इतना महत्व है और हर व्यक्ति को शिक्षित होना क्यों जरूरी है? सबसे जरूरी बात यह है किशिक्षा हमें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षित लोग अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा, शिक्षा हमें समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाती है। शिक्षित लोग अपने आसपास की दुनिया को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। मनु भाकर यह साबित करती है कि हरेक इंसान के लिए शिक्षा कितनी अहमियत रखती है।

# लव मैरिज से नाराज पिता ने करायी दामाद की हत्या

## हत्या में प्रयुक्तः—तमंचा, चाकू, मोटर साइकिल व मोबाइल फोन बरामद

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व व मार्ग दर्शन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुरमुरा में 10 सितम्बर की शाम करीब 07.00 बजे अज्ञात बदमाशों द्वारा ग्राम गुरमुरा के रहने वाले राकेश गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता उम्र करीब 25 वर्ष की चाकू व गोली से मारकर हत्या करने के सम्बन्ध में मृतक के पिता ओमप्रकाश द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0 178ध्2024 धारा–103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध पंजीकृत हुआ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना के अनावरण हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक चोपन द्वारा एसओजी प्रभारी व सर्विलांस प्रभारी तथा थाना कोन व थाना करमा के प्रभारी निरीक्षक के सहयोग से घटना का सफल अनावरण करते हुए रविवार को मुखबीर की सूचना पर चोरपनिया जंगल मोड़ के पास से उक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त गण विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 रामदेव गौड़ निवासी ग्राम डुमरडीहा थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र हालपता वार्ड नं0– 09 पी टाईप झोपड़ी रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, सुरेन्द्र कुमार गौड़ पुत्र रामदेव गौड़ निवासी ग्राम डुमरडीहा थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र, आशीष कुमार भारती पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रेहटा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, ललित पटेल पुत्र स्व0 बृहस्पति निवासी ग्राम मेडरदह थाना अनपरा जनपद सोनभद्र हालपता एचएच 285 हिण्डालको कालोनी रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल तमन्चा व आलाकत्ल चाकू तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद किया गया।



मृतक राकेश गुप्ता द्वारा सीमा पुत्री ललित पटेल निवासी हिण्डालको कालोनी रेनूकूट के साथ मई वर्ष 2023 में लव मैरिज शादी मंदिर में किया गया था। जिससे सीमा के पिता ललित पटेल खुश नही थे। सीमा के पिता ललित पटेल द्वारा ही सीमा के पति राकेश गुप्ता की हत्या किये जाने हेतु अभियुक्त विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू को एडवांस के रूप में करीब पांच छः महीना पहले 90 हजार रूपया नगद दिया गया था तथा काम होने पर पन्द्रह से बीस लाख रूपये और देने को कहा गया था।

27 अगस्त 2024 की रात करीब 08 बजे अभियुक्त गण विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू, आशीष कुमार भारती व सुरेन्द्र कुमार गौड़ भाडे की स्विफ्ट डिजायर कार से राकेश गुप्ता के घर पर आये थे और सिगरेट लेने के बहाने उसे घर से खीचने का प्रयास किये किन्तु सीमा द्वारा दरवाजा बंद कर देने व चिल्लाने के कारण अभियुक्त गण मौके से फरार हो गये। उसके बाद सीमा के पिता ललित पटेल द्वारा पुनः विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू के ऊपर दबाव बनाया गया कि एडवांस में पैसा ले लिये हो और काम नही कर रहे हो तो पैसा वापस कर दो। उपरोक्त के क्रम में इन लोगों योजना बना कर घटना को अजाम दिया।

राकेश गुप्ता मेन रोड से अपने घर की ओर न मुड़कर अपनी मोटर साइकिल से तेज गति से मेन रोड पर सीधे पेट्रोल पम्प की ओर चला गया तो अभियुक्त गण मेन रोड से उसके घर की तरफ मुड़कर गये और राकेश के घर के पहले करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित आंगनवाडी केन्द्र की बडी बाउन्ड्री के पास खडे होकर राकेश गुप्ता के आने का इंतजार करने लगे थोडी देर बाद जैसे ही राकेश मोटर साइकिल से आता दिखाई दिया तो बडी बाउन्ड्री के पास खड़ा आशीष कुमार भारती मोटर साइकिल को धक्का देकर राकेश गुप्ता को गिरा दिया, राकेश गुप्ता की मोटर साइकिल पर पीछे बोरी में सामान लेकर बैठा व्यक्ति महेन्द्र कुमार पटेल भी वहाँ पर गिर गया तथा अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार गौड द्वारा मोटर साइकिल के पास खडा होकर आने जाने वाले लोगो की निगरानी कर रहा था उसी के द्वारा राकेश गुप्ता की मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति महेन्द्र पटेल को को डाटकर भागने को कहा गया इतने में अभियुक्त आशीष कुमार भारती अपने हाथ में लिए धारदार रामपुरिया चाकू से राकेश गुप्ता के सीने पर जोरदार प्रहार किया गया जिससे राकेश गुप्ता चिल्लाते हुए कुछ दूर जाकर गिर गया उसके बाद अभियुक्त विनोद कुमार गौड उर्फ गुड्डू द्वारा तमन्चे से राकेश गुप्ता के पीठ में फायर कर दिया जिससे वह छटपटाकर गिर गया और तीनो अभियुक्त गण सुरेन्द्र कुमार गौड की मोटर साइकिल पर बैठकर डाला ओबरा होते हुए अनपरा भाग गये तथा घटना के बाद लोग लुक छिपकर रह रहे थे। दिनांक 15 सितम्बर को वादे के अनुसार ललित पटेल से हत्या के सुपारी का पैसा लेने चोरपनिया जंगल के पास आये थे कि गिरफ्तार कर लिया गया।




# पत्नी प्रताड़ित पतियों के संगठन ने कलेक्ट में प्रदर्शन कर लगाई गुहार

मीरजापुर। न्याय संकल्प फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में पुरुष प्रधान देश के महिला उत्पीड़न के शिकार पुरूषों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर महिला पीड़ित

**➤ 'कहा जब दर्जा बराबरी का तो सरकारी भीख (गुजारा भत्ता) किस लिए?**

पुरुषों को न्याय दिलाने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि कहने को तो यह पुरुष प्रधान देश कहा जाता है। लेकिन देखा जाए तो पुरुष पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है जो सुसाइड करने को विवश हो रहे हैं। कानून का बेजा दुरुपयोग हो रहा है। घरेलू हिंसा के मामलों में पुरुषों को कानूनी पेंचदीकी में फंसा कर आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जब बराबरी का अधिकार दिया गया है। पति को फर्जी मुकदमें में फांस दिया जाता है, जेल भिजवाया जाता है तो गुजारा भत्ता किस बात का और क्यों? वक्ताओं ने कहा कि कुछ भ्रष्ट एवं लोभी महिलाओं द्वारा अपने स्वार्थ, बदला लेने की भावना, किसी की छवि खराब करने के लिए, पर पुरुष से संबंध को छुपाने के लिए अक्सर पुरुषों को ब्लैकमेल किया जाता है। समझौते के नाम पर मनमानी की जाती है आर्थिक वसूली की जाती है।

महिला अधिकार और कानून का भय दिखाकर पुरुष और उसके पूरे परिवार को बदनाम एवं परेशान किया जाता है। वक्ताओं ने विस्तार से पुरुष उत्पीड़न की चर्चा करते हुए न्याय और सुनवाई न होने की दशा में अक्सर महिला उत्पीड़न के शिकार पुरुषों द्वारा मौत को गले लगा लिए जाने की बढ़ती घटनाओं के मध्येनजर भारत सरकार एवं मानवाधिकार आयोग, सर्वोच्च न्यालय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों में पुरुषों को निर्दोष पाए जाने पर पुरुषों को भी क्षतिपूर्ति मुआवजा मिलना चाहिए।

# बिजली करंट से युवक भर्ती, रेफर

चित्रकूट। अलग–अलग स्थानों में दो लोगों को विद्युत करंट की चपेट में आने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने बच्चे को प्रयागराज रेफर कर दिया।पहली घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के बकटा गांव में हुई। बताया गया कि सुशील (18) पुत्र शिव प्रसाद घरेलू काम कर रहा था। तभी वहां कटी विद्युत तार स्पर्श होने से करंट की चपेट में आ गया। यह देख परिजन आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है। इसी क्रम में मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव के गोविन्द ने बताया कि उसकी ढाई वर्षीय पुत्री राधिका ट्यूब बेल में विद्युत स्टार्टर छू लिया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। यह देख परिजन जिला अस्पताल लाए। जहां गंभीर दशा के चलते डाक्टर ने प्रयागराज रेफर किया है।

## संक्षेप

### आईटीआई में प्रवे□ा लें

प्रतापगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य अभिषेक पटेल ने बताया है कि जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में युवा–युवतियों हेतु प्रवेश के स्थान उपलब्ध है तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में युवतियों हेतु अतिरिक्त सीटें भी उपलब्ध है। आम जनमानस यदि प्रशिक्षण लेने हेतु इच्छुक हो तो वे सम्बन्धित संस्थानों में पहुँच कर सीटों की जानकारी लेकर प्रवेश ले लें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर कार्यालय नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ के प्रशिक्षण अनुभाग से सम्पर्क करें।

### तहसीलदारों का किया स्थानान्तरण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने जनपद में तैनात उपजिलाधिकारियों एवं तहसील में तैनात तहसीलदारों का व्यवस्थापन/स्थानान्तरण किया है। उन्होने उपजिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर उदयभान सिंह को उपजिलाधिकारी सम्बद्ध कार्यालय जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के पद पर, उपजिलाधिकारी लालगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा को उपजिलाधिकारी सदर के पद पर तथा उपजिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज नैन्सी सिंह को उपजिलाधिकारी लालगंज के पद पर तैनाती दी है। उन्होने बताया है कि स्थानान्तरण से तहसील लालगंज में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज का पद रिक्त हो जायेगा ऐसी दशा में न्यायिक कार्यहित में अग्रिम आदेशों तक नैन्सी सिंह द्वारा अपने न्यायालय के साथ–साथ उपजिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के न्यायालय में सम्बन्धित वादों की सुनवाई व निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने तहसीलदार रानीगंज अरविन्द कुमार को तहसीलदार सदर के पद पर तथा तहसीलदार सदर अजय संतोषी को तहसीलदार रानीगंज के पद पर तैनाती दी है।

### वादा खोखला साबित हो रहा

सोनभद्र। रायपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पड़री में रविवार को हुई मुसला धार बारिश में एक कच्चा मकान ढहकर गिर गया जिसमें दबकर रामजीत पुत्र काशी नामक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जहां इस मौत से परिजन सदमे में हैं वही यह घटना भाजपा सरकार की पोल भी खोल रही है, उपरोक्त बाते पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने क्षेत्रीय भम्रण के दौरान मृतक के परिजनों को सात्वना तथा हर सम्भव मद्द करने का भरोषा दिलाते हुये कहीं उन्होने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि गिट्टी बालू सस्ता होगा हर गरीब का घर पक्का होगा। पर हर साल बारिश के महीने में कच्चे मकान के गिरने की खबर आती है वही बीजेपी के चुनावी वादे के विपरीत हर साल गिट्टी बालू के दाम भी बढ़ने की खबर मिलती है। भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए वादे करती है और सत्ता में आते ही फिर उन्हे गरीब मतदाताओं का शोषण शुरू कर देती है चाहे वो बिजली की दरों की बात हो या बेलगाम मंहगाई,अब जनता ने इन झूठ बोलने वालों को 2024 में सिर्फ आइना दिखाया है और पूरी पिक्चर तो 2027 में दिखायेगी। जब सपा सरकार बनेगी तो रोटी कपड़ा सस्ती होगी, दवा पढ़ाई मुफ्ती होगी के तर्ज पर गिट्टी बालू सस्ता कर जनता को राहत प्रदान करेगी।

### माँ के नाम" किया वृक्षारोपण

सोनभद्र(आरएनएस ) । केन्द्रीय कार्यालय एनटीपीसी एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा–निर्देशानुसार "एक पौधा माँ के नाम" के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में "एक पौधा माँ के नाम" के अंतर्गत नगर अनुरक्षण परिसर मे वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। कार्यकारी निदेशक ई0सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है और आगे भी इसी तरह इस दिशा में कार्य करती रहेगी। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा–भरा बनाने के लिए "एक पेड़ माँ के नाम" भियान से जुड़ने की अपील की एवं सभी को जागरूक भी किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक आशुतोष सत्पथी, महाप्रबंधक सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक डी के अग्रवाल, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा एवं सभी वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ–साथ सभी कर्मचारियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

### सलाहकार समिति की बैठक आज

सोनभद्र(आरएनएस ) । अग्रणी जिला प्रबन्धक ने अवगत कराया है कि जिला स्तरीय समीक्षा समितिधजिला सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज वृहस्पतिवार को मध्यान्ह 12.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने समस्त सम्बन्धित विभाग की अद्यतन प्रगति हमें उपलब्ध कराये तथा अद्यतन प्रगति विवरणी के साथ बैठक में उपस्थिति होने एवं सदस्यगण, जिला स्तरीय सलाहकार समिति से उक्त तिथि व समय पर उपस्थिति के लिए अपील किया गया है।

### ओबरा बाँध के 5 गेट खोला गया

सोनभद्र(आरएनएस ) ।अधिशासी अभियन्ता, ओबरा बांध खण्ड, ओबरा ने अवगत कराया है कि ओबरा बाँध के अपस्ट्रीम के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण ओबरा बाँध के 5 अदद गेट (संख्या 8.7, 9, 6 एवं 10) 17 सितम्बर,2024 को प्रातः आंशिक रूप से खोला गया है, उक्त से रेणुध्सोन नदी के जल स्तर वृद्धि होगी। सूचनीय है कि रिहन्द बाँध का जलस्तर पूर्ण क्षमता 870.00 फीट के सन्निकट है एवं जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, तथा इनके गेटों को भी शीघ्र ही खोले जाने की पूर्ण संभावना है। रिहन्द बाँध से निस्तारित जल ओबरा बाँध से होते हुये रेणुध्सोन नदी में प्रवाहित होने के कारण ओबरा बांध के डाउन स्ट्रीम में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बताया कि ओबरा बांध के डाउन स्ट्रीम के निवासियोंध्आने जाने वाले सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है ।

# अभद्रता और नाजायज दबाब बनाने को लेकर

सुल्तानपुर। दरियापुर के गीता हॉस्पिटल के पीछे इंटरलॉकिंग सड़क के बगल कई गड्ढे ऐसें बन गए हैं जिनमें से कुछ में तो खतरनाक सरिया के रॉड भी निकले हैं, जो कि जानलेवा साबित हो सकते हैं, इस रास्ते पर आम जनमानस के साथ साथ छोटे बच्चे पैदल और साइकिल लेकर निकलते हैं जिससे कभी बड़ी अनहोनी हो सकती है। वहीं छुट्टा जानवर भी कई बार इस गड्ढे में फंस चुके हैं, इस बारे में कई बार ईओ नगर पालिका सुल्तानपुर को अवगत भी कराया गया लेकिन उनके कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। उनको किसी बड़ी घटना का इंतजार है, नगर पालिका विभाग जिस तरीके से कुंभकरण की नींद में सो रहा है इससे बड़ी घटना होना तय लग रहा है, वही ईओ नगर पालिका लालचंद्र इस मामले में बिल्कुल शिथिल नजर आ रहे हैं कई बार अवगत कराने के बाद भी संबंधित मामले को बिल्कुल हल्के में ले रहे हैं। लग रहा है उनको किसी बड़ी घटना का इंतजार है



फिलहाल नगर पालिका की इस कार्यशैली से मोहल्ले वासियों में रोष व्याप्त।

# दो ने खाया जहर

चित्रकूट। महिला समेत युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के रुखमा गांव निवासी धर्मेन्द्र (24) पुत्र सुदेश पटेल व कोतवाली कर्वी क्षेत्र के कुबेरगंज की सीमा (35) पत्नी सुनील ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है।

## सर्पदंश से तीन भर्ती

चित्रकूट। तीन लोगों को सर्प ने काट लिया। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोढ़वारा गांव की शिमला (26) पत्नी सीताराम, कसहाई गांव के शुभम (23) पुत्र संतोष व पुलिस लाइन कर्वी के राजेन्द्र (50) पुत्र मदन मोहन को सर्प ने काट लिया। परिजनों ने आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है।



# क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतापगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन का मैच दो टीमों के बीच खेला गया अनवर हॉकी सोसाइटी और बीएसजे इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड जिसमें अनवर हॉकी समिति ने पहले टास जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 136 रनों का स्कोर 30 ओवरों में खड़ा किया जिसमें लिटिल 35 रन, अभय 34 रन, नैतिक ने 30 रन का योगदान दिया वीएसजे इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से आदर्श दुबे ने दो विकेट, विकास ने दो विकेट लिए, मयंक यादव ने तीन विकेट लिए जवाब देने उतरी वीएसजे इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने 22.5 ओवर में ही छह विकेट खोकर यह मैच जीत लिया। वीएसजे इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से रेहान ने 34 रन, अनूप ने 25 रन और आदर्श दुबे ने 20 रन बनाए। स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने टास कराकर मैच का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया साथ में सभी कोच मार्गदर्शन के रूप में उपस्थित रहे।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

'विंध्याचल मंडलायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

मीरजापुर। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही है। पुलिस की मनमानी चरम पर है, पीड़ितों को दुत्कारा जा रहा है तो दबंगों को पुचकारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिन्ताजनक हो गई है। आम जनता पर पुलिस के अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भाजपा के सहयोगी दल के नेताओं द्वारा लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लगातार हिंसक और अभद्र टिप्पणी और धमकी दी जा रही है। जिसका कांग्रेसजनों ने कड़ी निंदा की है और भाजपा नेता एवं उनके सहयोगी दलों के नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, राजन पाठक, दीपचंद जैन, छोटे खान, मनीष दुबे,संजय जायसवाल, माबूद खान, सन्तोष, संजय कुमार, प्रशांत गुप्ता, इमरान खान, कमलेश दूबे, मोहित, महेश इत्यादि लोग मौजूद रहे।



# रोडवेज बस खाई में कूदी , चालक समेत चार यात्री घायल

बछरावां,रायबरेली ।रायबरेली डिपो की एक रविवार भोर शेरी गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में कूद गई। हादसे में बस चालक सर्वनाम सिंह पुत्र वेद प्रकाश निवासी जनपद औरैया घायल हो गया।साथ ही चार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घायल चालक को विभागीय कर्मचारियों के द्वारा इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य तक भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस लखनऊ से रायबरेली जा रही थी। जिसमें चालक, परिचालक एवं एक दर्जन सवारियां मौजूद थी। जैसे ही बस शेरी गांव के निकट पहुंची। तभी चालक को झपकी आ जाने के चलते बस अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ खाई में कूद गई। खाई के पास ही बिजली का एक ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ था।

# चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों ईकाइयों के संयुक्त तत्वाधान मेंमहाविद्यालय के विज्ञान संकाय में एक संगोष्ठी का आयोजन एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शम्भू राम ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि स्वच्छता ही हमें अच्छे नागरिक होने का एहसास कराती है। आज पूरे देश में स्वच्छता जागरूकता हेतु जो अभियान चलाया जा रहा है उससे देशवासियों में जागरूकता का संदेश प्रदान कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर समस्त छात्रों को बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए कितना लाभदायक है। स्वच्छता के माध्यम से हमें अनेक तरह की बीमारियों से बचाता है हमें एक अच्छा नागरिक बनाने की प्रेरणा प्रदान करता है। महाविद्याल के आस–पास सड़कों व गलियों में मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं समस्तय प्राध्यापकगण, स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा झाड़ू लगाकर साफ–सफाई किया गया । डॉ0 अवधेश कुमार द्विवेदी, डॉ0 आशीष कुमार शुक्ला, डॉ0 विष्णु कुमार मौर्य, डॉ0 राजेन्द्र सिंह, डॉ0 युदबंश कुमार, डॉ0 अनिल मौर्य, डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, डॉ0 मधु पाठक, डॉ0 ओमप्रकाश दूबे, डॉ0 सुधाकर शुक्ला आदि उपस्थित रहीं।



# दो घरों को बदमाशों ने निशाना बनाते हुए लाखो का माल किया पार

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के कांसा गांव में धावा बोलकर बदमाशों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाल अनिल सिंह ने मयफोर्स मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। सूचना पर एडिशनल एसपी, सीओ व विधायक ने मौके पर पहुंच पीड़ित से मुलाकात कर घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। महमूदाबाद के कांसा गांव निवासी विधान मिश्र पुत्र रामचंद्र मिश्र के घर बुधवार की रात बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने यहां से कमरे में रखी 35 हजार की नकदी, एक सोने की चौन, एक नेकलेस, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टप्स, चार अंगूठी, एक नाक की कील, चांदी की छह जोड़ी पायल, 15 बिछिया, आठ सिक्के समेत करीब चार लाख की संपत्ति बदमाश चोरी कर ले गए। इसके बाद बदमाश अभिनीश अवस्थी के घर घुसे और 25 हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। सूचना पर कोतवाल अनिल सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। एडिशनल एसपी डॉ. प्रवीण रंजन, सीओ दिनेश शुक्ल, विधायक आशा मौर्या मौके पर पहुंची और पीड़ित से मुलाकात कर घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग द्वारा महामहोपाध्याय पंडित गोपीनाथ कविराज और भारतीय ज्ञान परंपरा में उनके अवदान विषय पर एवं भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो नवजीवन रस्तोगी, डॉ एचएल लूसी गेस्ट, यूके ब्रिटेन, डॉ राकेश सिंह निदेशक बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश, प्रो जटाशंकर तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कविराज गोपीनाथ द्वारा रचित पुस्तको के सम्बन्ध में बताने के साथ उनमें निहित तत्वों के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे तत्व लोक जीवन के लिए हितकर होंगे, इसके उपयोग से आपसी सम्बन्ध की भावना बनाए रखने में सहायक है। सागर विश्वविद्यालय के प्रो एबी शर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में ज्ञान परंपरा के सम्बन्ध पर अत्यधिक बल दिया गया है। प्रो मालवी ने कविराज के नाम पर अधिक पुस्तक लिखने एवं इन पर शोध लिखने पर बल दिया। ब्रिटेन से आई डॉ एचएल लूसी ने ज्ञान परंपरा को विभिन्न विषयों में लेखन के लिए आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। साथ ही कविराज के सम्बन्ध में जानने के लिए और पढकर उनके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह ने कविराज के जीवन एवं अध्यात्म जीवन में उनके साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो नवजीवन रस्तोगी ने बताया कि भारतीय संस्कृति पर जो आघात हुआ था, उसे क्रांति के शिलालेख आचार्य कविराज की थे। अगर मन में संकल्पित भाव जाग जाए तो ऐसे दार्शनिक के ऊपर शोध करने की आवश्यकता है। श्रीलंका कोलंबो विश्वविद्यालय से धर्म गुरु ने जटाशंकर तिवारी ने बताया कि कविराज की बौद्ध दर्शन एवं भारतीय दर्शन किसके लिए थे। एसोसिएट प्रो नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय प्रयागराज डा राजेश कुमार तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में प्रो अंबिका दत शर्मा, ज्योति सलाम, डॉ मीनाक्षी जोशी, डॉ अंबरीष राय काशी, भोपाल मध्य प्रदेश, कानपुर, लखनऊ, सांची, अमरकंटक आदि सहभागी हुए हैं।

# 8 वारंटी व 1 वांछित गिरफ्तार

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि वारंटी शिवचरण पुत्र भोंडा, रामकेश पुत्र रामसजीवन, रामनरेश पुत्र भोंडा, राकेश पुत्र रामसजीवन निवासीगण नहरा थाना सरधुवा को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में एसआई चंद्रमणि पांडेय ने टीम के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी शंकर दयाल पांडेय पुत्र स्व फक्कड़ पांडेय, वंशस्वरूप शुक्ला पुत्र स्व भवानीदीन शुक्ला निवासी सरधुवा, एसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह ने टीम के साथ वांछित रामनरेश पुत्र रामकेशन निवासी महुआ गांव, एसआई कन्हैयालाल पांडेय ने टीम के साथ वारण्टी शिवपूजन पुत्र देवकुमार उर्फ शिवकुमार निवासी फाटापुरवा, एसआई मेवालाल मौर्या ने टीम के साथ एससी एसटी एक्ट के वारंटी संत कुमार पुत्र श्रीकेशन यादव निवासी दुर्गादास का पुरवा अहमदगंज को गिरफ्तार किया है।

# अमृत कलश टाइम्स
हिन्दी दैनिक




## बीबीए–एमबीए के छात्र पढ़ेंगे टाटा की सफलता की कहानी, इविवि के पाठ्यक्रम में कई औद्योगिक घराने शामिल

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मोनिरबा) में संचालित पांच वर्षीय इंटीग्रटेड पाठ्यक्रम बीबीए–एमबीए के छात्र रतन टाटा की सफलता की कहानी भी पढ़ेंगे। पिछले सत्र 2023–24 से शुरू हुए इस पाठ्यक्रम में जेआरडी टाटा, धीरूभाई अंबानी, अजीम प्रेमजी, नारायण मूर्ति समेत देश के कई प्रमुख उद्योगपति शामिल हैं। अब इनमें एक नाम रतन टाटा का भी शामिल होगा। हालांकि, मौजूदा पाठ्यक्रम में भी जब औद्योगिक घरानों का जिक्र आता है तो विद्यार्थियों को रतन टाटा जैसे बिजनेस लीडर का उदाहरण दिया जाता है और खासतौर पर एथिकल बिजनेस में, जिसमें उन्होंने अलग मुकाम हासिल किया। पांच वर्षीय बीबीए–एमबीए पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ.शेफाली आनंद बताती हैं कि कुलपति प्रो.संगीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नई शिक्षा नीति के तहत यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। सत्र 2023–24 से पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें 40 सीटें निर्धारित की गई हैं। मौजूदा सत्र 2024–25 के तहत दूसरे बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

# महाकुंभ क्षेत्र में मेला प्राधिकरण के अस्थायी कार्यालय का हुआ भूमि पूजन, भूमि का आवंटन शीघ्र

प्रयागराज। महाकुंभ क्षेत्र में प्रयागराज मेला प्राधिकरण का अस्थायी कार्यालय जल्द ही चालू होगा। यह त्रिवेणी मार्ग पर बांध से उतरते ही बनेगा। इससे पहले मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बृहस्पतिवार को भूमि पूजन किया। इसके 20 से 25 दिनों में पूरी तरह से संचालित होने की उम्मीद है। इसके बाद भूमि एवं सुविधाओं के आवंटन से संबंधित पर्चियां भी वहीं से बंटेंगी। साथ ही अन्य गतिविधियां भी संचालित होंगी। मेला क्षेत्र में बाढ़ का पानी अब भी भरा है। इसकी वजह से मेला प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन की कोशिश थी कि भूमि एवं सुविधाओं के आवंटन आदि की प्रक्रिया पूरी करने के साथ नवंबर के पहले सप्ताह से मेले की बसावट शुरू कर दी जाए। इसके तहत 10 अक्तूबर से नई संस्थाओं के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाने की योजना बनाई गई थी। इसी के साथ पुरानी संस्थाओं से भी सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए आवेदन लिए जाने की तैयारी थी, लेकिन मेला क्षेत्र में गंगा नदी का जल स्तर स्थिर है। इसकी वजह से मेला क्षेत्र में सभी काम ठप हैं। साथ ही बसावट शुरू नहीं हो पाई है। इसी के साथ भूमि एवं सुविधाओं के आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पा रही। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि भूमि एवं सुविधाओं के आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। बाढ़ का पानी निकलते ही मैनपॉवर एवं संसाधन बढ़ाकर काम शुरू कर दिए जाएंगे। इस बार नई संस्थाओं का पंजीकरण, पुरानी संस्थाओं की सुविधाओं में बढ़ोतरी से संबंधित आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। भूमि एवं सुविधाओं के आवंटन की पूरी प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर दी गई है, लेकिन इससे संबंधित पर्चियां मेला प्राधिकरण के अस्थायी कार्यालय से वितरित की जाएंगी। शास्त्री ब्रिज से संगम नोज के बीच सिर्फ मुख्य धारा निकलेगी। छोटी–छोटी धाराओं को मिलाकर मुख्य धारा निकाली जाएगी। इसके लिए ड्रेजिंग का काम 16 अक्तूबर से शुरू करने की तैयारी है। गंगा और यमुना का संगम स्थल दाहिने किनारे की तरफ करीब 200 से 500 मीटर तक शिफ्ट हो गया है। इसके अलावा कटान की समस्या भी बढ़ गई है। इसकी वजह से कुंभ–2019 की तुलना में महाकुंभ–2025 में सर्कुलेटिंग एरिया में 60 फीसदी तक की कमी हो गई है, जबकि इस बार स्नानार्थियों की संख्या दोगुना होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए अब संगम नोज का सर्कुलेटिंग एरिया बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत गंगा नदी के सभी छोटी–बड़ी धाराओं को मिलाकर एक मुख्य धारा की योजना बनाई गई है। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिए शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक ड्रेजिंग कराई जाएगी। संगम नोज तथा आसपास गंगा में कटान रोकने के लिए खास तरह के जियो बैग का इस्तेमाल किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अभी कई तरह की स्वीकृतियां शेष हैं। इसकी प्रक्रिया पूरी करने तथा मशीनें मंगाने के बाद 16 अक्तूबर से ड्रेजिंग शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि गंगा का मुख्य चौनल बनाने में 50 से 60 दिन लगेंगे।

# देवी का भव्य शृंगार, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतार, गूंजे जयकारे

प्रयागराज। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर बृहस्पतिवार को घरों, शक्तिपीठों, सिद्धपीठों में देवी के महागौरी स्वरूप का फूलों और आभूषणों से शृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद जयकारों के बीच दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। आधी रात को शयन आरती के बाद भोग प्रसाद वितरित किया गया। सिद्धपीठ कल्याणी देवी मंदिर में मंगला आरती से आरंभ दर्शन का क्रम देर रात तक चला। पुजारी सुशील कुमार पाठक की देखरेख में चांदी और जड़ाऊ आभूषणों तथा बहुरंगी फूलों से देवी का शृंगार किया गया। सिद्धपीठ अलोपीदेवी मंदिर में देवी को निशान चढ़ाने के लिए और बच्चों का मुंडन, कर्णछेदन संस्कार कराने के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु आए। चौक गंगादास स्थित खेमा माई मंदिर में लाल रंग के फूलों से देवी का शृंगार किया गया। इसी क्रम में समया माई, कालीबाड़ी, कटरा कालीथान, शास्त्रीनगर– सदियापुर तिराहे पर स्थित देवी मंदिर में भी नारियल व चुनरी चढ़ाने सहित महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

### प्रयागराज के डॉक्टर पर 10 लाख का जुर्माना:
## यूरो सर्जन ने इलाज में की लापरवाही, CMO और महानिदेशक को कार्रवाई का आदेश

प्रयागराज। प्रयागराज के प्रसिद्ध यूरो सर्जन डा. दिलीप चौरसिया पर सरकारी चिकित्सक होते हुए निजी अस्पताल में सर्जरी करने और उसमें भी लापरवाही को लेकर राज्य उपभोक्ता आयोग ने उनपर 10 लाख का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही सीएमओ प्रयागराज और महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा को कार्रवाई करके अपनी आख्या व निर्णय की प्रति प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही आदेश दिया कि सरकारी चिकित्सक ने इलाज अपने निजी नर्सिंग होम में करके गलत तरीके से वेतन और भत्ते लिए हैं। प्रमुख सचिव का आदेश दिया कि वह इनकी वसूली कराएं। नियमों को ताक पर रखकर सरकारी डॉक्टर अपने निजी नर्सिंगहोम का संचालन करते हैं। सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को वह अपने निजी नर्सिंगहोम में बुलाते हैं। इसको रोकने के लिए शासन के स्तर से कई बाद आदेश हुए, लेकिन आज तक इस पर रोक नहीं लग सकी। ऐसा ही एक मामला फतेहपुर जिले के सिविल लाइंस निवासी फूल सिंह यादव का है। वह 27 जून 2010 को पेशाब निकलने में हो रही दिक्कत और पीड़ा को लेकर रात तीन बजे जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक डॉ. विकास त्रिपाठी ने उसे पुरुष वार्ड भेजा था। वहां राजबहादुर वार्ड ब्वाय व सफाई कर्मी अनिल कुमार ने पेशाब नली में लापरवाही से कैथेटर डाला, इससे घाव होकर खून बहने लगा। इसके बाद उनकों प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के यूरो सर्जन डॉ. दिलीप चौरसिया को दिखाने की सलाह मिली। फूल सिंह अपना इलाज कराने के लिए डॉ.दिलीप चौरसिया के नर्सिंग होम पहुंचे, जो बालाजी नर्सिंगहोम बालाजी इंस्टीट्यूट नाम से संचालित है। यह प्रयागराज के पन्नालाल रोड पर स्थित है। आरोप है कि नर्सिंगहोम में बिना शुगर जांच कराए ही दूरबीन विधि से आपरेशन करके 29 जून को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। उसके बाद भी जब उनको आराम नहीं हुआ तो वह अपना इलाज कराने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। जहां पर पांच अपरेशन करके पेट व अंडकोष से मवाद निकाला गया। इसमें करीब उनका डेढ़ लाख रुपये खर्च हुआ। पूरे मामले में जिला उपभोक्ता फोरम से शिकायत की गई। इस पर फोरम ने इलाज में लापरवाही को देखते हुए छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। आदेश के खिलाफ डॉ. दिलीप चौरसिया ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील किया। फूल सिंह व अन्य भी अधिक धनराशि के लिए अपील के लिए पहुंचे। आयोग अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और सदस्य विकास सक्सेना की सुनवाई के दौरान पता चला कि मधुमेह रोगी की जांच के बगैर ही आपरेशन करना घोर लापरवाही है।

इसके साथ ही सीएमओ की जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि सरकारी चिकित्सक होते हुए डॉ. दिलीप चौरसिया ने नर्सिंगहोम में इलाज किया। जबकि आठ मार्च 2019 को प्रमुख सचिव चिकित्सा की ओर से इस प्रकार के कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# महाकुंभ पर पहले-तीसरे चरण में 3050 व दूसरे में 7000 बसों का होगा संचालन, रूट निर्धारित

प्रयागराज। यूपी रोडवेज ने महाकुंभ मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। स्नान पर्व को देखते हुए उसे तीन चरणों में बांटा है। पहला चरण 12 जनवरी से 23 तक, दूसरा 24 जनवरी से सात फरवरी व तीसरा आठ से 27 फरवरी तक रहेगा। इसी के हिसाब से बसों का संचालन होगा। इस दौरान 165 मार्गों पर यूपी रोडवेज बसों का संचालन करेगा। पहले व तीसरे चरण में 3050 तो दूसरे में 7000 बसों का संचालन होगा। यूपी रोडवेज के प्रयागराज रीजन ने महाकुंभ को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी शासन को अवगत करा दी है। खास बात यह है कि महाकुंभ में प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या समेत प्रदेश के कुल 19 रीजन की बसों को लगाया जाएगा। पहले चरण में पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, दूसरे में मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी व तीसरे में माघी पूर्णिमा–महाशिवरात्रि



का स्नान पर्व है। पहले–तीसरे चरण में प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, आजमगढ़, चित्रकूट, अयोध्या, देवीपाटन एवं झांसी रीजन की 3050 बसों का संचालन प्रमुख स्नान पर्व पर होगा। इसमें सर्वाधिक 450 बसें कानपुर रीजन की रहेंगी। इसके बाद लखनऊ की 400 एवं प्रयागराज रीजन की 390 बसें शामिल रहेंगी। मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी का स्नान पर्व दूसरे चरण में है। इस दौरान 7000 बसें चलाई जाएंगी। इस चरण में प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, चित्रकूट, आजमगढ़, इटावा, मुरादाबाद, आगरा, बरेली, अयोध्या, अलीगढ़, देवीपाटन, मेरठ, हरदोई, गाजियाबाद, झांसी एवं सहारनपुर रीजन की बसें संचालित होंगी। दूसरे चरण में सर्वाधिक 600 बसें गाजियाबाद रीजन की रहेंगी। इस दौरान इन बसों का संचालन प्रयागराज के कटका झूंसी, सरस्वती द्वार, बेला कछार, बेली कछार, नेहरू पार्क, लेप्रोसी एवं सरस्वती हाईटेक सिटी से होगा।

# मजिस्ट्रेट तथ्य की जानकारी होने के आधार पर एफआईआर से इन्कार नहीं कर सकते

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मजिस्ट्रेट तथ्यों की जानकारी होने के आधार पर एफआईआर दर्ज करने से इन्कार नहीं कर सकते हैं। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने चंदौली के मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर कहा कि एक महीने में कानून के अनुसार नया आदेश पारित करें। मजिस्ट्रेट ने आवेदन को शिकायत के रूप में दर्ज करते हुए कहा था कि तथ्य आवेदक की जानकारी में है। इसलिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की जरूरत नहीं। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की अदालत ने मुकेश खरवार की अर्जी पर दिया है। चंदौली पपौरा विकास खंड चहनिया से बीडीसी सदस्य मुकेश खरवार ने 156(3) के तहत आवेदन दायर किया था। आरोप लगाया था कि चार फरवरी 2024 को 66 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ अरुण जायसवाल ब्लॉक प्रमुख चहनिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए डीएम कार्यालय पर एकत्र हुए थे। इससे नाराज होकर ग्रामीण गोपाल सिंह उर्फ बबलू,मोनू सिंह उसके गांव पहुंचे। वहां ब्लॉक प्रमुख के पक्ष में शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। इन्कार करने पर गालीगलौज, जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो 156(3) के तहत आवेदन दायर किया। संबंधित मजिस्ट्रेट ने आवेदन को कंप्लेन की तरह दर्ज किया। साथ ही एफआईआर दर्ज करने का निर्देश जारी करने की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। आवेदक ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा कि अपराध की गंभीरता, अभियोजन शुरू करने के लिए साक्ष्य की आवश्यकता और न्याय के हित में 156(3) के तहत आदेश पारित करते समय विचार किया जाना चाहिए। कोर्ट ने आवेदन स्वीकार करते हुए मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया।


## आगामी कोहरे के दृष्टिगत रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं आवृत्ति में कमी

भारतीय रेल द्वारा आगामी कोहरे के मौसम/खराब मौसम की स्थिति में सुचारू रूप से ट्रेन परिचालन के उद्देश्य से निम्नलिखित रेलगाड़ियों को **दिनांक 01.12.2024 से 28.02.2025** तक निरस्तीकरण एवं आवृत्ति में कमी की योजना बनायी गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से निरस्तीकरण की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 12209 | कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम | 03.12.2024 से 25.02.2025 |
| 12210 | काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल | 02.12.2024 से 24.02.2025 |
| 12595 | गोरखपुर-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 2, 3, 5, 9, 10, 12, 16, 17, 19, 23, 24, 26, 30, 31 दिसम्बर 2024, 02, 06, 07, 09, 13, 14, 16, 20, 21, 23, 27, 28, 30 जनवरी 2025 एवं 03, 04, 06, 10, 11, 13, 17, 18, 20, 24, 25, 27 फरवरी 2025 |
| 12596 | आनन्द विहार (ट.)-गोरखपुर एक्सप्रेस | 03, 04, 06, 10, 11, 13, 17, 18, 20, 24, 25, 27, 31 दिसम्बर 2024, 01, 03, 07, 08, 10, 14, 15, 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31 जनवरी 2025 एवं 04, 05, 07, 11, 12, 14, 18, 19, 21, 25, 26, 28 फरवरी 2025 |
| 12873 | हटिया-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 02.12.2024 से 09.01.2025 |
| 12874 | आनन्द विहार (ट.)-हटिया एक्सप्रेस | 03.12.2024 से 10.01.2025 |
| 22857 | सांतरागाछी-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 02.12.2024 से 06.01.2025 |
| 22858 | आनन्द विहार (ट.)-सांतरागाछी एक्सप्रेस | 03.12.2024 से 07.01.2025 |

### रेलगाड़ियों की आवृत्ति में कमी

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से आवृत्ति में कमी की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 22405 | भागलपुर-आनन्द विहार (ट.) | 05, 12, 19, 26 दिसम्बर 2024 एवं 02, 09 जनवरी 2025 |
| 22406 | आनन्द विहार (ट.)-भागलपुर | 04, 11, 18, 25 दिसम्बर 2024 एवं 01, 08 जनवरी 2025 |
| 12571 | गोरखपुर- आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 दिसम्बर 2024, 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी 2025 एवं 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 फरवरी 2025 |
| 12572 | आनन्द विहार(ट.)-गोरखपुर एक्सप्रेस | 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26, 30 दिसम्बर 2024, 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27, 30 जनवरी 2025 एवं 03, 06, 10, 13, 17, 20, 24, 27 फरवरी 2025 |
| 15159 | छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस | 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 दिसम्बर 2024, 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 जनवरी 2025 एवं 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26.02.2025 |
| 15160 | दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस | 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31 दिसम्बर 2024, 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30 जनवरी 2025 एवं 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27 फरवरी 2025 |
| 15025 | मऊ-आनन्द विहार(ट.) एक्सप्रेस | 03,10,17,24,31 दिसम्बर 2024, 07,14,21, 28 जनवरी 2025 एवं 04,11,18,25 फरवरी 2025 |
| 15026 | आनन्द विहार(ट.)-मऊ एक्सप्रेस | 06,13, 20, 27 दिसम्बर 2024, 03,10,17,24, 31 जनवरी 2025 एवं 07, 14, 21, 28 फरवरी 2025 |
| 15074 | टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस | 04,11,18,25 दिसम्बर 2024, 01,08,15,22, 29 जनवरी 2025 एवं 05,12,19,26 फरवरी 2025 |
| 15073 | सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस | 05,12,19,26 दिसम्बर 2024, 02,09,16,23, 30 जनवरी 2025 एवं 06,13,20,27 फरवरी 2025 |
| 15076 | टनकपुर-शक्तिनगर | 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 दिसम्बर 2024, 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25, 28 जनवरी 2025 एवं 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25 फरवरी 2025 |
| 15075 | शक्तिनगर-टनकपुर | 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 दिसम्बर 2024, 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी 2025 एवं 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 फरवरी 2025 |
| 12988 | अजमेर-सियालदह | 03,05,07,10,12,14,17,19,21,24,26,28,31 दिसम्बर 2024 एवं 02,04,07,09 जनवरी 2025 |
| 12987 | सियालदह-अजमेर | 04,06,08,11,13,15,18,20,22,25,27,29 दिसम्बर 2024 एवं 01,03,05,08,10 जनवरी 2025 |
| 12505 | कामाख्या-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 दिसम्बर 2024 एवं 01, 05, 08 जनवरी 2025 |
| 12506 | आनन्द विहार (ट.)-कामाख्या एक्सप्रेस | 03, 06, 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 दिसम्बर 2024 एवं 03, 07, 10 जनवरी 2025 |
| 15483 | अलीपुरद्वार-दिल्ली सिक्किम महानंदा एक्स. | 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25, 28 दिसम्बर 2024 एवं 01, 04, 08 जनवरी 2025 |
| 15484 | दिल्ली-अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्स. | 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27, 30 दिसम्बर 2024 एवं 03, 06, 10 जनवरी 2025 |

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1771/24(A)



## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 02250/02249 दिल्ली जं. - पटना जं. - दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्योहार एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी**

| 02250 दिल्ली जं. - पटना जं. | | स्टेशन | 02249 पटना जं. - दिल्ली जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | दिल्ली जं. | 11:00 | -- |
| 07:15 | 07:25 | गोविन्दपुरी | 03:45 | 03:50 |
| 10:05 | 10:10 | प्रयागराज जं. | 00:30 | 00:35 |
| 16:40 | -- | पटना जं. | -- | 17:50 |

• दिल्ली जं. से गाड़ी संख्या 02250, दिनांक: 24, 31 अक्टूबर 2024 • पटना जं. से गाड़ी संख्या 02249, दिनांक: 25 अक्टूबर 2024 एवं, 01 नवम्बर 2024

गाड़ी संरचना : वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02, इकॉनमी कोच- 04, स्लीपर श्रेणी- 06, सामान्य श्रेणी- 04

**गाड़ी संख्या 04052/04051 नई दिल्ली - जयनगर - नई दिल्ली आरक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 04052 नई दिल्ली - जयनगर | | स्टेशन | 04051 जयनगर - नई दिल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:20 | नई दिल्ली | 18:50 | -- |
| 21:15 | 21:25 | गोविन्दपुरी | 11:30 | 11:40 |
| 00:15 | 00:20 | प्रयागराज जं. | 08:25 | 08:30 |
| 15:40 | -- | जयनगर | -- | 18:00 |

• नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 04052, दिनांक: 26, 29 अक्टूबर 2024 एवं 01,04 नवम्बर 2024 • जयनगर से गाड़ी संख्या 04051, दिनांक: 27,30 अक्टूबर 2024 एवं 02, 05 नवम्बर 2024

गाड़ी संरचना : वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी- 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी-03

**गाड़ी संख्या 04054/04053 नई दिल्ली - बरौनी जं. - नई दिल्ली आरक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 04054 नई दिल्ली - बरौनी जं. | | स्टेशन | 04053 बरौनी जं. - नई दिल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:20 | नई दिल्ली | 09:10 | -- |
| 21:15 | 21:25 | गोविन्दपुरी | 02:00 | 02:10 |
| 00:15 | 00:20 | प्रयागराज जं. | 23:00 | 23:05 |
| 11:00 | -- | बरौनी जं. | -- | 12:30 |

• नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 04054, दिनांक: 27, 30 अक्टूबर 2024 एवं 02,05 नवम्बर 2024 • बरौनी जं. से गाड़ी संख्या 04053, दिनांक: 28,31 अक्टूबर 2024 एवं 03, 06 नवम्बर 2024

गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी- 10, स्लीपर श्रेणी- 07, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी- 01

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1788/24(MG)



## उत्तर मध्य रेलवे

ई - निविदा सूचना — दिनांक: 08.10.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कैं वैं, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है -

GeM बिड संख्या : GEM/2024/ B/5485307 Date:08.10.2024

कार्य का नाम- : कुंभ मेला की अवधि के दौरान वाशिंग लाइन में कुंभ मेला रेक के कुंभ मेला कोचों की मशीन द्वारा सफाई, पानी भरना और कोचों का पैड लॉकिंग/अनलॉकिंग करने सहित समग्र कार्य तथा PRYJ/SFG/PCOI/NYN/ FTP /CNB/CPA/CAR/ MKP या PRYJ डिवीजन के किसी अन्य स्टेशन पर प्लेटफार्म रिटर्न/ अदर एंड अटेन्सन के तहत कुंभ मेला के कोचों की मशीन द्वारा सफाई, पानी भरना और कोचों का पैड लॉकिंग/अनलॉकिंग करने का कार्य।

निविदा सिस्टम: दो पैकेट सिस्टम | कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) :₹ 9546932.00

EMD : ₹ 1,90,940 | ई निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य | कार्य की अवधि: 69 दिन

GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 08.10.2024

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 30.10.2024 को 11:00 बजे

नोट: 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध / अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा बंद होने की नियत तिथि तक। 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई - निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 7. जेवी(JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। 1778/24(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062